हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

देश भर मे 11 मई को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे देश भर में मनाया जाएगा इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमनाथ पवित्र मंदिर के प्रांगण से राष्ट्र को संबोधित करेंगे इसी कड़ी में हरियाणा सरकार का कला एंव संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कुरुक्षेत्र के उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अरूणाई पिहोवा स्थित संगमेश्वर महादेव मंदिर मे आयोजित कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे । उपायुक्त ने बताया कि इस दिन जिले के सभी मंदिरों को सजाया जाएगा ।

पलवल ज़िले मेंखेलों को बढ़ावा देने के लिए 21 करोड़ रुपए की लागतसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम का नवीनीकरण किया जा रहा है। ज़िला खेलअधिकारी खुशवंत सिंह ने बताया कि स्टेडियम में फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैंडमिंटन, एथलेटिक्सट्रैक, टेनिस मैदान बनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया किमुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की घोषणा के अनुसार जिले में एक नया अन्तर्राष्ट्रीयस्तर का खेल स्टेडियम बनाया जा रहा है, जो बहरौला गांव में 124 एकड़ ज़मीन परविकसित होगा।

करनाल जिले में गेहूं की पराली जलानेके आरोप में 8 किसानों केखिलाफ 9 एफआईआर दर्ज की गई है। करनाल के कृषि उप निदेशक डॉ वजीर सिंह ने बतायाकि जिले मे अब तक पराली जलाने की 172 घटनाएं दर्ज की गई हैं।इनमें से 130 घटनाएं आकस्मिकपाई गईं, 24 में आग नहीं लगी,2 घटनाएं वन क्षेत्रों में हुई है। उन्होंने बतायाकि 9 मामलों मे जानबूझ कर आग लगाने की पुष्टि हुई है जबकि 7 मामलों की अभीभी जांच चल रही है।

हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 9वीं से 12वीं तक की कक्षा मे पढ़ने वाली बच्चियों के लिए मुख्यमंत्री मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की है। जिसमे उन्हें प्रोटीन और कैल्शिम से भरपूर भोजन दिया जाएगा। उन्हें दूध व प्रोटीन युक्त चॉकलेट दी जाएगी। चॉकलेट और दूध बच्चो को वार के हिसाब से दी जाएगी। यानी की एक दिन दूध तो दूसरे दिन चॉकलेट दी जाएगी।

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर सफाई कर्मचारियों की सभी जायज मांगों बारे जल्द ही समाधान करवाने की कोशिश की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री कल नगर परिषद कार्यालय नरवाना में बुलाई विभागीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक में उन्होंने नगर परिषद नरवाना के अन्तर्गत आने वाले शहर के मंजूर हुए विकास कार्यों का सिलसिलेवार जायजा लिया और अधिकारियों को इनमें गति लाने के निर्देश दिएउन्होंने कहा कि नरवाना शहर के सम्पूर्ण विकास के लिए विकास कार्यों का रोडमैप तैयार किया जा चुका है। भविष्य में सभी विकास परियोजनाओं के पूरा होने पर शहर तरक्की का नया सफर तय करेगा।

मंत्री ने बताया कि पिछले दिनों सदन की बैठक में शहर के विकास कार्यों के लिए आगामी वित वर्ष के लिए नगर परिषद के 46 करोड़ 06 लाख रूपये का सालाना बजट पास किया गया है।

कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने बैठक के बाद सफाई कर्मचारी प्रतिनिधि मंडल से भी मिले और उनका मांग पत्र लिया और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी सभी जायज मांगों बारे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर जल्द ही समाधान करवाने की कोशिश की जाएगी।

हरियाणा राज्य सरकार ने आगामी रबी सीजन के लिए किसानों को समय पर प्रमाणित गेहूं बीज उपलब्ध करवाने हेतु अग्रिम तैयारियां शुरू कर दी हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कल उच्च अधिकार प्राप्त क्रय समिति की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद बताया कि बीज पैकिंग के लिए लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से बैग खरीदने को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बीज वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा बीज विकास निगम के लिए हाई डेंसिटी पॉलीथिन बैग और जूट बैग की खरीद से संबंधित महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि सीजन से पहले इन बैगों की अग्रिम खरीद का मुख्य उद्देश्य बीज प्रसंस्करण कार्य को समय पर पूरा करना है, ताकि किसी प्रकार की देरी न हो।

उन्होंने आगे कहा कि प्रसंस्करण और पैकिंग कार्य पूर्ण होने के बाद प्रदेश के किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज रियायती दरों पर बुवाई से पहले ही उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इससे किसानों को बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिलेगी और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी।